# आईएमडी ने अवदाब क्षेत्र के आंध्र तट की ओर बढ़ने के साथ अधिक बारिश आशंका जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव, गहरे दबाव और फिर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। इस चक्रवात के बाद में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के पास आंध्र प्रदेश के तट से गुजरने की संभावना है। यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा शनिवार को जारी किये गये पूर्वानुमान में दी गयी है।

चेन्नई स्थित प्रदेशिक मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, इस दबाव क्षेत्र के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने तथा 26 अक्टूबर तक एक गहरे दबाव क्षेत्र में बदलने की संभावना है। इसी के साथ 27 अक्टूबर तक दक्षिण-पश्चिम और समीपवर्ती पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में इस दबाव के एक चक्रवाती तूफान में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह तक एक गंभीर चक्रवाती तूफान में परिवर्तित होने का अनुमान है।

यह प्रणाली उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ते हुए, 28 अक्टूबर की शाम या रात के दौरान मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के पास सेआंध्र प्रदेश के तट को पार कर सकता है। एक भीषण चक्रवाती तूफान की तरह तट पार करते समय इस दौरान हवा की अधिकतम गति 90-100 किलोमीटर प्रति घंटा से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है इसके कारण विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है जिनमें तिरुवल्लूर, चेन्नई, रानीपेट, कांचीपुरम, चेंगलपट्टु और विल्लुपुरम जिलों के अलग-अलग स्थान शामिल हैं। 25 से 28 अक्टूबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल क्षेत्र में एक या दो स्थानों पर बादल गरजने और बिजली गिरने की संभावना है। एक पूर्व बुलेटिन में कहा गया था कि तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में भी बारिश होने की संभावना है। साथ ही इसमें बताया गया है कि अगले 24 घंटों के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल क्षेत्र में एक-दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। चेन्नई और इसके पड़ोसी जिलों के लिए बुलेटिन में कहा गया है कि आसमान में बादल छाए रहेंगे और कुछ क्षेत्रों में गरज और बिजली के साथ एक या दो बार हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मछुआरों के लिए जारी चेतावनी में मौसम विभाग ने कहा कि कम दबाव के क्षेत्र के कारण तमिलनाडु तट, दक्षिण आंध्र प्रदेश तट, मन्नार की खाड़ी और कोमोरिन क्षेत्र में 35 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इस बीच तटरक्षक बल ने कहा कि उसने समुद्र में मौजूद नाविकों और मछुआरों तक व्यापक पहुंच शुरू कर दी है और मछुआरों से निकटतम बंदरगाह पर लौटने की अपील की है।

तटरक्षक बल ने कहा कि समुद्र में भारतीय तटरक्षक बल के जहाज एवं विमान और तटों पर स्थित उसके रडार स्टेशन समुद्र में मछुआरों को सावधानी बरतने के लिए सचेत कर रहे हैं तथा मछली पकड़ने वाली नौकाओं से अनुरोध कर रहे हैं कि वे जल्द से जल्द सुरक्षा के लिए नजदीकी बंदरगाह पर लौट आएं। आईएमडी ने कहा कि राज्य में सबसे अधिक बारिश तिरुनेलवेली जिले के ओथु नामक स्थान पर हुई है जहां बारिश 14 सेंटीमीटर तक दर्ज की गई है, जबकि शिवगंगा के तिरुपुवनम में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे कम 1 सेमी बारिश दर्ज की गई है। बुलेटिन में मछुआरों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि उन्हें 25 से 29 अक्टूबर के बीच समुद्र में न जाने की सलाह दी जा रही है। बुलेटिन में कहा गया है कि जो मछुआरे गहरे समुद्र में हैं उन्हें तुरंत लौटने की सलाह दी जाती है।



## केरल में बारिश जारी, बांधों का जलस्तर बढ़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश जारी रही, जिसके कारण पलक्कड़, इडुक्की और त्रिशूर जिलों में बांधों का जलस्तर बढ़ गया।

बारिश के कारण तिरुवनंतपुरम जिले के ग्रामीण इलाकों में कुछ जगहों पर घरों को नुकसान पहुंचा। पलक्कड़ के वालयार, मालमपुझा, मूलथारा और चुलियार बांधों में जल स्तर अपनी अधिकतम भंडारण क्षमता के करीब पहुंच गया, जिससे अधिकारियों को कई सेंटीमीटर तक बांध के फाटक खोलने पड़े।

इडुक्की के पोनमुडी और मदुपेट्टी सहित विभिन्न बांधों में जल स्तर 'रेड अलर्ट' की स्थिति तक पहुंच गया है, जबकि त्रिशूर के शोलायार बांध में जल स्तर 'ऑरेंज अलर्ट' की स्थिति में पहुंच गया है।

इस बीच, तमिलनाडु जल संसाधन विभाग ने बताया कि वह पेरियार बांध से अतिरिक्त पानी छोड़ेगा। एक बयान के अनुसार, वर्तमान में बांध से पानी की निकासी 1780 क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) है और फाटक खोले जाने के साथ यह बढ़कर 2,369 क्यूसेक हो गया।

## तमिलनाडु में अगले सप्ताह एसआईआर शुरू करेगा निर्वाचन आयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** निर्वाचन आयोग ने मद्रास उच्च न्यायालय को बताया है कि तमिलनाडु की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अगले सप्ताह उन राज्यों के साथ शुरू होगा जहां चुनाव होने वाले हैं। आयोग ने मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी अरुल मुरुगन की पीठ को बताया कि तमिलनाडु समेत देशभर के जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां बिहार की तरह ही एक सप्ताह में एसआईआर शुरू होने वाला है।

आयोग ने कहा कि प्रस्तावित पुनरीक्षण के दौरान, आयोग याचिकाकर्ता एवं आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के पूर्व विधायक बी सत्यनारायणन की शिकायत पर गौर करेगा। आयोग ने यह बात तब कही गई जब टी नगर निर्वाचन क्षेत्र के 229 बूथ पर पूर्ण और पारदर्शी तरीके से पुन: सत्यापन करने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने के अनुरोध वाला यह मामला शुक्रवार को सुनवायी के लिए आया। विपक्षी पार्टी के पूर्व विधायक ने उच्च न्यायालय में अर्जी देकर आरोप लगाया था कि चेन्नई के टी नगर निर्वाचन क्षेत्र के अधिकारियों ने मतदाता सूची से 13,000 अन्नाद्रमुक समर्थकों के नाम सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पक्ष में हटा दिये। उन्होंने याचिका में दावा किया कि 1998 में निर्वाचन क्षेत्र में 2,08,349 मतदाता थे, जबकि 2021 में मतदाताओं की संख्या में केवल 36,656 की वृद्धि हुई। इसमें कहा गया कि जनसंख्या और मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या में बहुत बड़ा अंतर है।

उन्होंने आरोप लगाया, निर्वाचन क्षेत्र में 13,000 अन्नाद्रमुक समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जबकि मृतकों के नाम नहीं हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को अर्जी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले टी नगर सीट पर मतदाता सूची का दोबारा सत्यापन करने, गलत प्रविष्टि हटाने और अंतिम मतदाता सूची जारी करने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया।

पीठ ने याचिकाकर्ता का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामले पर सुनवायी अगले सप्ताह करना निर्धारित किया और निर्वाचन आयोग को बिहार एसआईआर के खिलाफ मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति दाखिल करने का आदेश दिया।



## श्रीनारायणी पीठम में गुरुस्थानम हॉल का हुआ उद्घाटन

**वेल्लोर।** यहां श्री शक्ति अम्मा के आशीर्वाद से श्री नारायणी पीडम के श्रीपुरम स्वर्ण मंदिर परिसर में नवनिर्मित गुरु स्थानम हॉल का उद्धाटन समारोह 25 अक्टूबर को हुआ। इस पूर्व दो दिन श्रीचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में पूर्णाहूति समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सपत्नीक अनुष्ठान में भाग लिया। श्री शक्ति अम्मा की उपस्थिति में नवनिर्मित गुरु स्थानम हॉल का उद्धाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मंदिर के निदेशक और ट्रस्टी श्री शक्ति अम्मा, डॉ एम सुरेश बाबू, श्री नारायणी पीडम के ट्रस्टी सौंदरराजन सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## कोयंबटूर के पास कार के पेड़ से टकराने से चार लोगों की मौत

**कोयंबटूर।** कोयंबटूर में चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क से फिसलकर एक पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना शुक्रवार रात पेरूर चेट्टीपलायम में हुई। पेरूर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, सभी मृतकों की उम्र 19 से 25 साल के बीच थी। घायल को कोयंबटूर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की पहचान अभी नहीं हो पाई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## करूर भगदड़ : अभिनेता विजय सोमवार को महाबलिपुरम में पीड़ितों के परिजनों से मिलेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** अभिनेता-नेता विजय तमिलनाडु के करूर में पिछले महीने अपनी रैली के दौरान मची भगदड़ के पीड़ितों के परिजनों से 27 अक्टूबर को महाबलिपुरम में मुलाकात कर सकते हैं। पार्टी के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने एक रिजॉर्ट में मुलाकात की व्यवस्था की है। पार्टी ने वहां 50 कमरे बुक किए हैं, ताकि विजय व्यक्तिगत रूप से शोक संतप्त परिवारों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त कर सकें। पीड़ितों के परिवार के एक सदस्य ने करूर में पत्रकारों को बताया, उन्होंने (विजय ने) हमें कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए एक बस का इंतजाम किया है। हममें से कई लोग वहां जा रहे हैं। करूर में 27 सितंबर को विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए।

## पासपोर्ट में उपनाम नहीं होने के कारण यात्री को विमान में चढ़ने से रोकने पर एयरलाइंस पर जुर्माना

**चेन्नई।** चेन्नई उत्तर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने 'गल्फ एयर एयरलाइंस' को तमिलनाडु के एक पूर्व विधायक को मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

एयरलाइन पर यह जुर्माना इसलिए लगाया गया है, क्योंकि पासपोर्ट में विधायक (यात्री) का उपनाम नहीं होने के कारण उन्हें मास्को हवाई अड्डे पर यात्रा करने से मना कर दिया गया था। एयरलाइन को प्रभावित यात्री (पूर्व विधायक एवं अधिवक्ता) निजामुद्दीन को यात्रा की तिथि से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लगभग 1.4 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है।

यहां पेरियामेट के निवासी को पासपोर्ट में उपनाम नहीं लिखे होने के कारण मास्को हवाई अड्डे पर गल्फ एयर के विमान में चढ़ने से रोक दिया गया था। नौ फरवरी 2023 को उन्हें गल्फ एयर की उड़ान से मास्को से बहरीन होते हुए दुबई जाना था, लेकिन उन्हें यात्रा की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि उनके पासपोर्ट में उपनाम नहीं लिखा था और केवल उनका नाम निजामुद्दीन लिखा था। निजामुद्दीन ने दावा किया कि उन्हें पासपोर्ट में दर्ज उसी नाम से भारत से मास्को जाने वाली उड़ान में सवार होने की अनुमति दी गई थी।

अगले दिन दुबई में उनकी एक बैठक थी, लेकिन एयरलाइन के कर्मचारियों ने उनकी जरूरतों पर कोई ध्यान नहीं दिया और उन्हें लगभग डेढ़ घंटे तक इंतजार करवाया। संयुक्त अरब अमीरात पहुंचने में हुई अत्यधिक देरी के कारण उन्हें भारी तनाव और परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसके चलते उन्हें शिकायत दर्ज कराने पर मजबूर होना पड़ा।

### दीक्षांत समारोह




दक्षिण भारत राष्ट्रमत

चेन्नई में टीम एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन द्वारा के अन्ना सैंटनरी ऑडिटोरियम में 21वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टीम एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के संस्थापक फेलिक्स माइकल सह संस्थापक एवं प्रधानाचार्य अन्ना स्टेफी तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक अमलादास सहित अनेक गणमान्य लोगों ने 570 से अधिक छात्रों की उपलब्धियां को सम्मानित किया।

## सबरीमला सोना मामला : बेल्लारी, बेंगलूरु में एसआईटी की छापेमारी

**पथनमथिट्टा/भाषा।** सबरीमला मंदिर से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी के बेंगलूरु स्थित अपार्टमेंट और बेल्लारी में एक आभूषण की दुकान पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पोट्टी को जांच के तहत शुक्रवार को बेंगलूरु ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी ने गोवर्धन के आभूषण की दुकान पर छापा मारा, जिसने कथित तौर पर मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) की चौखट पर सोने की परत चढ़ाने के काम का कथित तौर पर वित्तपोषण किया था, जिसे आधिकारिक तौर पर पोट्टी ने वित्तपोषित किया था।

अधिकारियों ने बताया कि एसआईटी ने आभूषण की दुकान से सोने की कई छड़ें जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि क्या जब्त किया गया सोना द्वारपालक की मूर्तियों की सोने की परत चढ़ी तांबे की प्लेट से निकाला गया था, जिन्हें 2019 में इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए भेजा गया था। एसआईटी ने जांच के तहत गोवर्धन का बयान पहले ही दर्ज कर लिया है। इस बीच, जांच दल ने बेंगलूरु के श्रीरामपुरा में पोट्टी के अपार्टमेंट पर भी छापेमारी की और वहां स्थित एक अयप्पा मंदिर भी गई, जहां पोट्टी पहले पुजारी था। अधिकारियों ने बताया कि पोट्टी को अब चेन्नई के स्मार्ट क्रिएशन ऑफिस ले जाया जाएगा, जहां 2019 में इलेक्ट्रोप्लेटिंग का काम हुआ था। इससे पहले, रन्नी में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालत ने एसआईटी को 30 अक्टूबर तक पोट्टी की हिरासत दी थी। सूत्रों ने कहा कि जांच दल का उद्देश्य हिरासत अवधि समाप्त होने से पहले सबूत एकत्रित करना है। जांच के मुताबिक, पोट्टी को 2019 में इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) से द्वारपालक मूर्तियों की सोने की प्लेट मिली थीं। इसके अनुसार उसने कथित तौर पर वह उन्हें बिना प्राधिकार के दक्षिण भारतीय राज्यों के अलग-अलग मंदिरों और घरों में ले गया। पोट्टी द्वारपालक प्लेट और श्रीकोविल चौखट से सोना गायब होने से जुड़े दो मामलों में मुख्य आरोपी है। उसे द्वारपालक प्लेट से सोना गायब होने के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है, जबकि एसआईटी ने हाल ही में इसी मामले में सबरीमला के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बी मुरारी बाबू को गिरफ्तार किया है।

## सतीशन का दावा, सबरीमला मंदिर से गायब सोना करोड़पति व्यापारी के घर मिला



**कोच्चि/भाषा।** केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने शनिवार को दावा किया कि सबरीमला मंदिर से गायब हुआ सोना एक करोड़पति व्यापारी के घर से बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि यह घटना कांग्रेस के उस आरोप को मजबूती प्रदान करती है कि सोना एक धनी व्यक्ति को बेचा गया था। सतीशन विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा कर्नाटक के व्यापारी गोवर्धन के स्वामित्व वाली एक आभूषण की दुकान से बरामद सोने के बिस्कुटों का जिक्र कर रहे थे। बताया जाता है कि गोवर्धन ने श्रीकोविल (गर्भगृह) की चौखट पर सोने की परत चढ़ाने के लिए धन दिया था। इस कार्य को आधिकारिक तौर पर बेंगलूरु के व्यवसायी उन्नीकृष्णन पोट्टी द्वारा प्रायोजित किया गया था जो अब एसआईटी की गिरफ्त में हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, इसलिए, हम (विपक्षी कांग्रेस) सही थे जब हमने कहा था कि सोना एक करोड़पति को बेचा गया। विपक्ष ने सोने के गायब होने के मुद्दे पर जो कुछ भी कहा वह अब तक सही साबित हुआ है। उन्होंने वर्तमान त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) पर अनियमितताओं का आरोप लगाया और दावा किया कि बोर्ड ने तथ्यों को छुपाया है तथा द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ाने का काम पोट्टी को सौंपा है। उन्होंने कहा, केरल उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई में यह सब सामने आ गया है। सतीशन ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'एसआईटी की जांच से भी साबित हो गया है कि विपक्ष के दावे सही थे। इसलिए हम मांग कर रहे हैं कि मौजूदा देवस्वओम मंत्री वी एन वासवन को इस्तीफा दे देना चाहिए और टीडीबी को भंग कर देना चाहिए।' एसआईटी ने भगवान अयप्पा मंदिर से सोना गायब होने के सिलसिले में पोट्टी के अलावा पूर्व देवस्वओम प्रशासनिक अधिकारी बी. मुरारी बाबू को भी गिरफ्तार किया है।

## पीएमके संस्थापक रामदॉस ने बेटी श्रीगांधी को पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक डॉ. एस रामदॉस ने शनिवार को अपनी बड़ी बेटी श्रीगांधी को पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अपने भाई डॉ. अंबुमणि रामदॉस की जगह लेंगी, जिन्हें सितंबर में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

पार्टी विरोधी गतिविधियों और नेतृत्व की अवहेलना के कारण अंबुमणि को पद से हटाने के बाद रामदॉस ने अप्रैल में पीएमके के संस्थापक और अध्यक्ष के रूप में बागडोर संभालने की घोषणा की थी और अपने बेटे व पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि को कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटा दिया था।

श्रीगांधी परशुरामन उर्फ गांधीमथी को पीएमके की कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय शनिवार को धर्मपुरी में पार्टी की आम परिषद की बैठक में लिया गया। डॉ. रामदॉस ने बाद में धर्मपुरी में संवाददाताओं से कहा, मैंने अपनी



बड़ी बेटी गांधीमथी को पीएमके की कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह पद मैंने ही सृजित किया था। वह तमिलनाडु का गौरव बढ़ाएंगी। मैं उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप रहा हूं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि गांधीमथी अपनी नयी जिम्मेदारी को प्रभावी रूप ने निभाएंगी और पार्टी को आगे ले जाएंगी। गांधीमथी ने अपनी नयी भूमिका के बारे में कहा, मुझे यह पद अप्रत्याशित रूप से मिला है। मैं नेतृत्व के निर्देशों का पालन करूंगी।

रामदॉस ने इसके अलावा अपने करीबी जीके मणि के बेटे जीकेएम तमिल कुमारन को पीएमके की युवा शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया।

## सबरीमला सोना मुद्दा : भाजपा ने राज्य सचिवालय के बाहर दिन-रात का विरोध प्रदर्शन शुरू किया

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सबरीमला मंदिर में 'द्वारपालक' मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ाने में कथित अनियमितताओं को लेकर केरल राज्य सचिवालय के बाहर दिन-रात का एक विरोध प्रदर्शन शुरू करके अपना आंदोलन तेज किया। केरल की भाजपा इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर, पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार रात को सचिवालय के सामने सड़क पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि पार्टी के दिन और रात का संघर्ष सचिवालय के अंदर बैठे अधिकारियों को केरल के लोगों की मांग को स्वीकार करने और हमारे पवित्र मंदिर को लूटने वालों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए विवश करने के लिए पर्याप्त है।

शनिवार को महिलाओं सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सुबह रेनकोट पहने और छाते लिये सचिवालय के सामने एकत्रित हुए और सरकार और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ नारेबाजी की।



प्रदर्शनकारियों में अन्य जिलों से भी आए व्यक्ति भी शामिल थे और वे सचिवालय के गेट नंबर दो के सामने सड़क पर तिरपाल बिछाकर बैठ गए जिससे सड़क का एक ओर का हिस्सा अवरुद्ध हो गया। भाजपा प्रदेश महासचिव अनूप एंटनी जोसेफ ने कहा कि सरकार और मुख्यमंत्री उन व्यक्तियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं जो सबरीमला से सोना गायब होने के पीछे हैं। केरल उच्च न्यायालय के निर्देश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) मामले की जांच कर रहा है। एसआईटी ने सोने की परत चढ़ाने के काम को प्रायोजित करने वाले बेंगलूरु के व्यवसायी उन्नीकृष्णन पोट्टी और एक पूर्व देवस्वोम प्रशासनिक अधिकारी मुरारी बाबू को भगवान अयप्पा मंदिर से सोना गायब होने के मामले में पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

